

Current Affairs

+

Important Static GK

कल का सवाल

Q. बुगुरम्बा कहाँ का लोकनृत्य है?

Answer: असम

Current Affairs Revision

(21 September 2024)

Q. 1: हाल ही में किस देश को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कुष्ठ रोग मुक्त होने वाला दुनिया का पहला देश घोषित किया गया है? Recently, which country has been declared by the World Health Organization as the first country in the world to be free of leprosy?

a. भारत

b. ब्राजील

c. जॉर्डन

d. श्रीलंका

Answer: c. जॉर्डन

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जॉर्डन को कुष्ठ रोग मुक्त होने वाला दुनिया का पहला देश घोषित किया है।

जॉर्डन को बधाई देते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेसियस ने कहा कि जॉर्डन ने दो दशकों से अधिक समय से कुष्ठ रोग का कोई भी मामला दर्ज नहीं किया है।

Q. 2: हाल ही में केंद्र सरकार ने 2024-25 के रबी सीजन के लिए किन उर्वरकों पर 24,475 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है? Recently, the Central Government has approved a subsidy of Rs 24,475 crore on which fertilizers for the Rabi season of 2024-25?

a. नाइट्रोजन और फॉस्फेटिक

b. फॉस्फेटिक और पोटासिक

c. नाइट्रोजन और पोटासिक

d. जैविक उर्वरक

Answer: b. फॉस्फेटिक और पोटासिक

केंद्र सरकार ने 2024-25 के रबी सीजन के लिए फॉस्फेटिक और पोटासिक (P&K) उर्वरकों पर 24,474.53 करोड़ रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दी।

यह निर्णय किसानों को सस्ती दरों पर फसल पोषक तत्वों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

निर्णय का उद्देश्य - किसानों को सब्सिडीयुक्त, किफायती और उचित रेट पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

Q. 3: विदेश मामलों की स्थायी समिति के नए अध्यक्ष कौन होंगे? Who will be the new chairman of the Standing Committee on Foreign Affairs?

a. राहुल गांधी

b. शशि थरूर

c. जयशंकर

d. मणिशंकर अय्यर

Answer: b. शशि थरूर

कांग्रेस नेता शशि थरूर विदेश मामलों की स्थायी समिति की अध्यक्षता करेंगे जबकि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी कृषि संबंधी संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे।

राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह शिक्षा संबंधी स्थायी समिति की अध्यक्षता करेंगे।

Q. 4: हाल ही में केंद्र सरकार ने किस देश की सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 31,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है? Recently, the Central Government has approved Rs 31,000 crore for fencing the border of which country?

a. पाकिस्तान

b. नेपाल

c. म्यांमार

d. बांग्लादेश

Answer: c. म्यांमार

केंद्र सरकार ने 18 सितंबर को म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 31,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

केंद्र सरकार पहले ही भारत-म्यांमार मुक्त आवागमन व्यवस्था (FMR) को खत्म कर चुकी है।

FMR, सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति देती थी।

Q. 5: 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक' पर एक कविता और 'वीर अब्दुल हमीद' पर एक अध्याय एनसीईआरटी के किस कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है? A poem on 'National War Memorial' and a chapter on 'Veer Abdul Hamid' have been included in the syllabus of which class of NCERT?

a. कक्षा IV

b. कक्षा V

c. कक्षा VI

d. कक्षा VII



Answer: c. कक्षा VI

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के अनुरूप 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक' शीर्षक से एक कविता और 'वीर अब्दुल हमीद' शीर्षक से एक अध्याय को इस वर्ष से एनसीईआरटी के कक्षा VI के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

उद्देश्य - स्कूली बच्चों में देशभक्ति, कर्तव्य के प्रति समर्पण तथा साहस और बलिदान के मूल्यों को पैदा करना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना

Q. 6: हाल ही में नदी उत्सव के कौन से संस्करण का उद्घाटन किया गया है? Which edition of River Festival has been inaugurated recently?

a. तीसरा

b. चौथा

c. पांचवें

d. छठा

Answer: c. पांचवें

नई दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में पांचवें नदी उत्सव का उद्घाटन किया गया।

इस उत्सव में नदी के विभिन्न पक्षों और इसकी संस्कृति पर को उजागर किया जा रहा है।

Q. 7: हाल ही में केंद्र सरकार ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का नया महानिदेशक किसे नियुक्त किया है? Who has been appointed as the new Director General of Narcotics Control Bureau (NCB) by the Central Government recently?

a. संजय शर्मा

b. अनुराग गर्ग

c. राजेश तिवारी

d. विपिन मेहता

Answer: b. अनुराग गर्ग

Q. 8: वर्ष 2026 में 23वें राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कौन सा शहर करेगा? Which city will host the 23rd Commonwealth Games in the year 2026?

a. बर्मिंघम

b. ग्लासगो

c. लंदन

d. मैनचेस्टर

Answer: b. ग्लासगो

2026 राष्ट्रमंडल खेलों के मूल मेजबान ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के इनकार के बाद स्कॉटलैंड की राजधानी ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए सहमत हो गई है।

पहला राष्ट्रमंडल खेल 1930 में कनाडा के हैमिल्टन में ब्रिटिश एम्पायर गेम्स के रूप में आयोजित किया गया था।

यह हर चार साल में आयोजित किया जाता है लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1942 और 1946 में इन खेलों को आयोजित नहीं किया गया था।

केवल दो एशियाई शहरों ने राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है: 1998 में कुआलालम्पुर, मलेशिया और 2010 में दिल्ली।

अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी किसी अफ्रीकी देश ने नहीं की है।

राष्ट्रमंडल उन देशों का समूह है जो पहले ग्रेट ब्रिटेन का उपनिवेश थे लेकिन अब स्वतंत्र देश हैं।

Q. 9: केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय ने भारत को वैश्विक फैशन लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए किस वेब पोर्टल का शुभारंभ किया है? Which web portal has been launched by the Union Textiles Ministry to establish India as a global fashion leader?

a. फैशन फॉरवर्ड

b. विज़ियो एनएक्सटी

c. टेक्सटाइल वर्ल्ड

d. ग्लोबल फैशन नेटवर्क

Answer: b. विज़ियो एनएक्सटी

केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय ने भारत को वैश्विक फैशन लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए विज़ियो एनएक्सटी वेब पोर्टल का शुभारंभ किया है।

Q. 10: हाल ही में किस राज्य ने ऐतिहासिक संपत्ति क्षति वसूली अधिनियम लागू किया है? Which state has recently implemented the Historical Property Damage Recovery Act?

a. हिमाचल प्रदेश

b. उत्तराखंड

c. उत्तर प्रदेश

d. पंजाब

Answer: b. उत्तराखंड

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड सार्वजनिक (सरकारी) और निजी संपत्ति क्षति वसूली (अध्यादेश) अधिनियम 2024 को मंजूरी प्रदान कर दी है।



इस विधेयक में यह व्यवस्था की गई है कि राज्य में हड़ताल, बंद, दंगा और विरोध प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक अथवा निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से संपत्ति के नुकसान की क्षतिपूर्ति ली जाएगी।

Current Affairs
(23 September 2024)

Q. 1: हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन में कहाँ भाग लिया? Where did Prime Minister Narendra Modi recently attend the Quad leaders' summit?

a. न्यूयॉर्क
b. वाशिंगटन डी. सी.
c. डेलावेयर
d. लॉस एंजिल्स

Answer: c. डेलावेयर

अमेरीका के डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिस्सा लिया

Quad चार देशों के बीच होने वाली सुरक्षा संवाद का ग्रुप है।

क्वाड का मतलब क्वाड्रिलैटरल सिक्योरिटी डॉयलॉग (Quadrilateral Security Dialogue) है।

इसमें चार सदस्य देश भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान हैं

ये देश समुद्री सुरक्षा और व्यापार के साझा हितों पर एकजुट हुए हैं।

Q. 2: देश के अगले वायु सेना प्रमुख? Next Air Force Chief of the country?

a. एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह
b. एयर मार्शल राकेश कुमार सिंह
c. एयर मार्शल विवेक चौधरी
d. एयर मार्शल अर्जुन सिंह

Answer: a. एयर मार्शल अमर प्रीत

अमर प्रीत सिंह 30 सितंबर 2024 को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी से पदभार ग्रहण करेंगे जो इसी दिन सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

लगभग 40 साल के सेवा अनुभव के साथ, एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह भारतीय वायु सेना के सबसे अनुभवी अधिकारियों में से एक हैं।

Q. 3: हाल ही में दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर किसने शपथ ली है? Who has recently taken oath as the 9th Chief Minister of Delhi?

a. मनीष सिसोदिया b. अरविंद केजरीवाल
c. आतिशी d. सौरभ भारद्वाज

Answer: c. आतिशी

आतिशी ने दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

राजनिवास में उन्हें एलजी विनय सक्सेना ने शपथ दिलाई।

वे दिल्ली की सबसे युवा और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गईं।

उनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली की CM रह चुकी हैं।

Q. 4: हाल ही में 'इंस्टर्न ब्रिज-7 युद्ध अभ्यास' किस देश के मसीरा में संपन्न हुआ? Recently, the 'Inter Bridge-7 War Exercise' was concluded in Masirah of which country?

a. सऊदी अरब
b. कतर
c. ओमान
d. यूएई

Answer: c. ओमान

राजधानी - मस्कट

मुद्रा - रियाल

Q. 5: भूपेन्द्र यादव ने किस अवसर पर समुद्र तट स्वच्छ अभियान 2024 का शुभारंभ किया है? On which occasion has Bhupendra Yadav launched the Beach Cleanliness Campaign 2024?

a. विश्व पर्यावरण दिवस
b. अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस
c. विश्व महासागर दिवस
d. विश्व जल दिवस

Answer: b. अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 21 सितंबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस के अवसर पर समुद्र तट सफाई अभियान का शुभारम्भ किया

इस दिन देश के 100 से अधिक समुद्र तटों पर स्वच्छ समुद्र तट अभियान एक साथ चलाया गया।

Q. 6: भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के नए अध्यक्ष कौन बने हैं? Who has become the new President of the National Rifle Association of India?

a. विजय कुमार सिंह
b. राजीव बत्रा
c. कलिकेश नारायण सिंह देव
d. रणिंदर सिंह

Answer: c. कलिकेश नारायण सिंह देव



कलिकेश नारायण सिंह देव भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के नये अध्यक्ष बन गए हैं

कलिकेश वर्ष 2025 तक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष रहेंगे।

Q. 7: हर साल विश्व अल्जाइमर दिवस कब मनाया जाता है? When is World Alzheimer's Day celebrated every year?

a. 10 सितंबर

b. 15 सितंबर

c. 21 सितंबर

d. 25 सितंबर

Answer: c. 21 सितंबर

उद्देश्य - अल्जाइमर बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना और इससे जुडे नकारात्मक विचारों को दूर करना

अल्जाइमर रोग में व्यक्ति का मस्तिष्क सिकुडने लगता है और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचने से याददाश्त कमजोर हो जाती है और सोच तथा व्यवहार भी प्रभावित होता है।

इस बिमारी के लक्षण गम्भीर नहीं होते और आमतौर पर इन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है।

Q. 8: प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस कब मनाया जाता है? When is International Peace Day celebrated every year?

a. 15 सितंबर

b. 21 सितंबर

c. 25 सितंबर

d. 30 सितंबर

Answer: b. 21 सितंबर

1981 में 21 सितंबर के दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस की स्थापना की थी।

इसका लक्ष्य समूचे विश्व में शांति को बढ़ावा देना था।

पहला अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस 21 सितंबर, 1982 को मनाया गया था।

Q. 9: भारत ने वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक 2024 में कौन सा दर्जा हासिल किया है? Which rank has India achieved in the Global Cyber Security Index 2024?

a. टियर 2

b. टियर 3

c. टियर 1

d. टियर 4

Answer: c. टियर 1

भारत ने साइबर सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है, जिसमें ग्लोबल साइबर सुरक्षा इंडेक्स (जीसीआई) 2024 में शीर्ष टियर यानी टियर 1 का दर्जा प्राप्त किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा प्रकाशित किया गया है।

100 में से उत्कृष्ट स्कोर 98.49 के साथ भारत 'रोल-मॉडलिंग' देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जो विश्व स्तर पर साइबर सुरक्षा प्रयासों के प्रति मजबूत रूप से प्रतिबद्ध हैं

Q. 10: केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किस क्रांति की शुरुआत की है? Which revolution has been launched by Union Minister Amit Shah?

a. हरित क्रांति -2.0

b. श्वेत क्रांति-2.0

c. नीली क्रांति -2.0

d. पीली क्रांति-2.0

Answer: b. श्वेत क्रांति-2.0

इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल माना जा रहा है।

कार्यक्रम में चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना,

स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना,

डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और

डेयरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है।

भारत में 1970 में 'श्वेत क्रांति' की शुरुआत हुई थी।

दुनिया के सबसे बड़े डेयरी विकास कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. वर्गीज कुरियन ने किया था।

इस क्रांति को 'ऑपरेशन फ्लड' के नाम से भी जाना जाता है।

इसने दूध की कमी झेल रहे भारत देश को, दुनिया में सबसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन करने वाला देश बना दिया।

Q. 11: हाल ही में भारत-नेपाल यात्रा के लिए किस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई है? Which train has been flagged off recently for India-Nepal travel?

a. वंदे भारत एक्सप्रेस

b. भारत नेपाल टूरिस्ट ट्रेन

c. भारत पशुपति टूरिस्ट ट्रेन

d. भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

Answer: d. भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।



यह ट्रेन अपने पैकेज में अयोध्या, सीतामढ़ी, जनकपुर, काशी विश्वनाथ और पशुपतिनाथ को कवर करेगी।

Q. 12: हाल ही में किस राज्य ने 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 जीती? Which state recently won the 14th Hockey India Junior Men National Championship 2024?

a. हरियाणा

b. पंजाब

c. महाराष्ट्र

d. उत्तर प्रदेश

Answer: b. पंजाब

हॉकी पंजाब ने उत्तर प्रदेश हॉकी को हराकर 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2024 जीती।

Q. 13: लगातार दूसरे वर्ष भारतीय खाद्य सूचकांक में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाला राज्य कौन सा है? Which state has topped the Indian Food Index for the second consecutive year?

a. तमिलनाडु

b. कर्नाटक

c. केरल

d. महाराष्ट्र

Answer: c. केरल

केरल ने एक बार फिर राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) 2024 में पहला स्थान हासिल किया है

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब दक्षिणी राज्य ने यह स्थान प्राप्त किया है।

यह सूचकांक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा जारी किया जाने वाला एक वार्षिक मूल्यांकन है।

यह सूचकांक हमारे नागरिकों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में मदद करेगा।

Q. 14: बुमराह इंटरनेशनल करियर में 400 या ज्यादा विकेट लेने वाले कौनसे भारतीय गेंदबाज बने हैं? Bumrah has become which Indian bowler to take 400 or more wickets in his international career?

a. 8वें

b. 9वें

c. 10वें

d. 11वें

Answer: c. 10वें

बुमराह ने हसन महमूद को आउट करके अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 400वां शिकार किया।

बुमराह इंटरनेशनल करियर में 400 या ज्यादा विकेट लेने वाले 10वें भारतीय गेंदबाज बने।

आज का सवाल

Q. होब्जानाई कहाँ का लोकनृत्य है?

For pdf,

Join telegram Channel

rwacurrentaffairs